
राजस्थान पत्रिका
पेज नंबर :- ०२
दिनांक :- १३/१०/२०२५

अहमदाबाद मेट्रो में प्रतिदिन 1.5 लाख यात्री करते हैं सफर, अब तक 10.38 करोड़ यात्रियों ने मेट्रो में की यात्रा

# गांधीनगर में महात्मा मंदिर तक जल्द दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन, ट्रॉयल रन शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


मेट्रो ट्रेन

गांधीनगर. गुजरात की राजधानी गांधीनगर और आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले अहमदाबाद शहर के बीच मेट्रो ट्रेन सेवा का जल्द ही और विस्तार होने वाला है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मेट्रो ट्रेन की सेवा गांधीनगर में महात्मा मंदिर तक जल्द शुरू होने वाली है। दशहरा से गांधीनगर सचिवालय से लेकर महात्मा मंदिर तक पांच और स्टेशनों के बीच ट्रायल रन भी शुरू हो गया है। इसमें अक्षरधाम, पुराना सचिवालय, सेक्टर-16, सेक्टर-24 और महात्मा मंदिर स्टेशन शामिल हैं। गुजरात सरकार की ओर से मनाए जा रहे विकास सप्ताह के तहत रविवार को राज्य सरकार ने कहा कि गुजरात मेट्रो रेल परियोजना ने अहमदाबाद, गांधीनगर के बीच सफर को काफी सुगम बनाया है। अहमदाबाद में मेट्रो की शुरुआत 2019 में दैनिक औसतन 35,000 यात्रियों से हुई थी, जो अब बढ़कर 1.50 लाख दैनिक यात्रियों तक पहुंच गई है। अब तक मेट्रो ट्रेन में 10.38 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया है। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का दावा है कि उन्होंने 99.84 फीसदी सेवा समय पर दी है।

अहमदाबाद मेट्रो का पहला चरण नवंबर वर्ष 2014 में मंजूर हुआ था और मार्च 2019 में 6.5 किलोमीटर का पहला हिस्सा वस्त्राल गांव से एपेरल पार्क तक शुरू हुआ। वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 32 किलोमीटर की लाइन का उद्घाटन किया, जिससे अहमदाबाद के उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम हिस्सों को जोड़ा गया। दूसरे चरण में गांधीनगर और अहमदाबाद को जोड़ने वाला 28.2 किलोमीटर का रूट तैयार किया गया हैं। मोटेरा से गिफ्ट सिटी तक का हिस्सा सितंबर वर्ष 2024 में शुरू हुआ। सचिवालय तक का हिस्सा अप्रैल 2025 में शुरू किया गया।

## 40 रुपए तक अधिकतम किराया

राज्य सरकार की ओर से बताया गया है कि अहमदाबाद गांधीनगर मेट्रो का किराया 5 से 40 रुपए तक है, जो प्रति किलोमीटर औसतन 1 रुपए है। मेट्रो स्टेशन गुजरात की संस्कृति का प्रदर्शन करते हैं, हर स्टेशन पररेक मिनी आर्ट गैलरी बनाई है। दिव्यांगजन के लिए विशेष रैंप, लिफ्ट, और टैक्टाइल फ्लोरिंग की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक तकनीकें जैसे कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल (सीबीटीसी) सिस्टम, फायर अलार्म, और सर्विलांस कैमरा उपलब्ध हैं।

## सूरत में भी तैयार हो रही है मेट्रो

गुजरात सरकार ने कहा कि सूरत में भी मेट्रो तैयार की जा रही है। वहां 40.35 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन का निर्माण जारी है।